राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : निदे / वि.भा.सं.या. (दवा) / 2024 / ..05 दिनांक : 11/1/24

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,समस्त
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी समस्त

विषयः– भारत विकसित कैंम्पों में दवाईयां उपलब्ध करवाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य में आमजन को योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में प्रदेशवासियों को निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवायें जाने हेतु मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना (दवा) कियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत चिकित्सालय श्रेणी के अनुसार दवाईयॉ उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके अनुसार हैल्थ वेलनेस सेन्टर जहॉ पर सीएचओ पद स्थापित है, वहॉ पर 121 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पर 50 प्रकार की दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है। उक्त शिविरो में 121 एवं 50 प्रकार की दवाईयों को बीमारी के अनुसार वितरित किया जाना है तथा दवाईयों की सूची को शिविर कैम्प में प्रदर्शित भी किया जाना है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारियों को उल्लेखित अनुसार हैल्थ वेलनेस एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरो में कम से कम हैल्थ वेलनेस सेंटर की ग्राम पंचायत स्तर के शिविरो में 121 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र की ग्राम पंचायत स्तर के शिविरो में 50 प्रकार की दवाओं का वितरण व प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित करे इसके अलावा आवश्यकता होने पर अन्य दवाओ की आपूर्ति ब्लॉक एवं जिला स्तर के चिकित्सालयो से की जावे। उक्त आदेशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित की जावें।

निदेशक (जन स्वा0)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राज0 जयपुर

क्रमांक : निदे / वि.भा.सं.या. (दवा) / 2024 / ..05 दिनांक : 11/1/24

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अति0 मुख्य सचिव, चि0 स्वा0 एवं प0 क0 विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. जिला कलक्टर समस्त।
3. संयुक्त निदेशक जोन समस्त चि0 स्वा0 एवं प0 क0 विभाग, राजस्थान
4. जिला परियोजना समन्वयक जिला औषधि भण्डार गृह समस्त।
5. प्रभारी सर्वर कक्ष, मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करावें।

RajKaj Ref
5320226

Document certified by RAVI PRAKASH MATHUR <rpm272004@yahoo.co.in>.

Digitally Signed by RAVI PARKASH MATHUR
Designation : Director
Date :10-01-2024 05:46:18